Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 10-06-2022 | अंक 251

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## विधायक ने बरही को जून में पानी दिलाने का किया था वादा, लेकिन नही हुआ वादा पुरा

### बरही को कब मिलेगा पानी पूछती है बरही की जनता

### बरही को पानी के लिए एक साल और करना होगा इंतजार : अभियंता विमल कुमार





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बराकर नदी से पीएचडी की और से वर्ष 1972 की जलापूर्ति व्यवस्था यहां कई वर्षो से ठप है। इसमें लगी मशीनें को भी जंग लग चुका है। स्थिति यह है की बरही हजारीबाग रोड में स्थित पीएचडी कार्यालय परिसर में नई और पुरानी दोनो जलमीनार जल विहीन है। जिससे बरही एवं आस पास के लोग पानी खरीदकर पीने को मजबूर है।

**2013 में किया गया था शिलान्यास**

राज्य योजना के तहत डीवीसी से संपोषित बरही ग्रामीण जलापूर्ति योजना का शिलान्यास 26 सितंबर 2013 को तत्कालीन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री जय प्रकाश भाई पटेल ने ज्वाहर घाटी में बड़े ही ताम झाम से किए थे। लेकिन कभी डीवीसी की और से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का अधूरा कार्य, डीवीसी की और से 9 करोड़ में से बची 3 करोड़ की किस्त की राशि प्राप्त न होने तो कभी एनएचआई तो कभी संवेदक के लापरवाही तो कभी संवेदक बदल जाने जैसी तकनीकी कारण बताकर यह योजना लटकी रही, बहरहाल करीब 16 करोड़ की लागत से शुरू हुई यह नई योजना आज तक अधूरी है। इधर डब्ल. टीपी से बरही चौक पानी टंकी तक जो पाइप बिछाई गई थी, उसे भी एनएच 31 के निर्माण को लेकर लगभग एक साल पूर्व उखाड़ दिया गया था और उसे भी आज तक नही बिछाया गया है।

बरही विधानसभा के वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला ने अप्रैल में हुई एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा था की जून में बरही के पांच पंचायत जैसे बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, कोनरा, रसोईया धमना और बेंदगी पंचायत को मिलना शुरू हो जाएगा। लेकिन दुर्भाग्य की बात है की अभी तक बरही के लोग दुकान से पानी खरीदकर पीने को मजबूर है। वहीं बरही एवं आस पास के लोगो का कहना है की करोड़ों के लागत से बरही में दो दो पानी टंकी बनी हुई है। जो अब सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह गई है।

**क्या कहते है पी एच डी अभियंता** : पीएचडी के कनिया अभियंता विमल कुमार ने बताया की अभी इसका कार्य जारी है। और पानी के लिए बरहीवासियो को लगभग एक साल और इंतजार करना पड़ेगा।

## 10 दिवसीय वार्षिक आचार्या प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन, 18 आचार्या व 4 सेवाव्रती कार्यकर्ता हुए सम्मानित

### बच्चों को दें संस्कार युक्त शिक्षा , पढ़ाएं महापुरुषों की कहानी : डॉ संगीता चौधरी




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

आरएनवाईएम कॉलेज में पिछले एक जून से चल रहे वार्षिक आचार्या आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन शुक्रवार को हुआ। समापन कार्यक्रम में भाग ब्यास प्रमुख पंचानन गोस्वामी , अंचल व्यास सुनील दास जी महाराज, ग्राम स्वराज्य मंच प्रभारी प्रो हीरामन साहू, अध्यक्ष मुकुंद साव, बुधन साव, जीप सदस्य प्रीति कुमारी एवं महिला विंग के प्रभारी डॉ संगीता चौधरी मुख्य रूप से शामिल होकर दीप प्रज्ज्व. लित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कई आचार्यो ने प्रशिक्षण में प्राप्त अपने अनुभव को साझा किया। मौके पर प्रत्येक संच से तीन तीन यानी कुल 18 एकल विद्यालय आचार्यो को एकल सर्वश्रेष्ठ आचार्या के तौर पर प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जिन्हें सम्मानित किया गया उनमें बरही संच के रसोइया धमना से सुनैना देवी ,दुधपनिया से संगीता देवी, बरसोंत से सुनीता देवी, चौपारण संच के डुमरी गांव से सुनीता देवी, ताजपुर गांव से झरोखा देवी, कुतलू केंदुआ से राधा देवी, पदमा संच के सरैया चट्टी से निक्की कुमारी , पदमा से सुनीता देवी , तिलिर से रीता देवी ,चंदवारा संच के महुआ दोहर से लक्ष्मी देवी ,को. टवारडीह से सुनीता शर्मा , नावाडीह से कुमारी नीतू , चलकुसा संच के अलगडीहा से सुमन देवी, गोपी डीह से कविता देवी, नरेना से सरोज देवी एवं बरकट्ठा संच से गाय पहाड़ी की रीना देवी, तुइयो से चमेली देवी एवं ढोढ़ीया से दुलारी देवी शामिल है। इसके साथ ही सर्वश्रेष्ठ संचप्रमुख के तौर पदमा की सरिता देवी एवं सर्वश्रेष सेवाव्रती कार्यकर्ता के तौर पर नरेश पासवान को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मा. नित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष दयानंद चौरसिया एवं संचालन कृष्णा प्रजापति एवं ओम प्रकाश कुमार ने किया। मौके पर भाग ब्यास प्रमुख पंचानंद गोस्वामी अंचल ब्यास सुनील जी महाराज सहित सभी संच के संच समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों को भी अंग वस्त्र से देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मनोज केशरी, मुकुंद साव, हिरामन साव, अमित सिंह, विजय मोदी, राजेन्द्र साव, महावीर वर्णवाल, प्रमोद सोनी, कपिल महतो, संदीप चन्द्रवंशी, शीला देवी, संजू देवी, नन्दकेशरी देवी, महेंद्र राम, धनंजय दास, मनोज कुमार सहित सभी आचार्या मौजूद थी।

## सर्पदंश से एक मासूम बच्चे की मौत

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के बैरीसाल निवासी सुरेंद्र साव के पुत्र दिव्यांशु कुमार उम्र 5 वर्ष को गुरुवार शाम लगभग 6 बजे कोबरा के काटने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिव्यांशु अपने घर के बाहर चापाकल के आस पास खेल रहा था। वहीं चापाकल का पानी निकासी होने वाली पाइप से सांप ने आकर उसे काट लिया। जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। जहां हॉस्पिटल ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई।




## चौपारण के पांच मजदूर केरल में फंसे, परिजनों ने पूर्व विधायक के माध्यम से उपायुक्त को दिया आवेदन





**केरल में बंधक बनाए गए व्यक्ति**

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

चौपारण प्रखंड अंतर्गत लोहंडी के पांच मजदूर संदीप कुमार, परदेशी भुइयां, खिरोधन भुइयां, शंभू भुइयां एवं राजा भुइयां केरल में फंस गए। परिजनों के अनुसार सभी मजदूर केरल के एक मॉल में काम करते थे। परिजनों के अनुसार सभी मजदूर एक साथ 16 मई को केरल के लिए निकले थे लेकिन मॉल के काम नहीं मिलने पर उन सभी मज. दूरों को वहीं के सैंथिल कुमार नाम के एक व्यक्ति ने सभी मजदूरों को पोल्ट्री फार्म में काम देने के नाम पर साथ ले गया और बंधक बना लिया। वहीं उनके परिजनों ने शुक्रवार को बरही विद्यानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के माध्यम से उपायुक्त को आवेदन दिया। इसको संज्ञान में लेते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने तत्काल उपायुक्त टेलीफोनिक से बात कर पीड़ित परिवार को मदद करने के लिए अनुरोध किया। वहीं हजारीबाग उपायुक्त ने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है

## विषपान से एक युवक की मौत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

चौपारण प्रखंड अंतर्गत भदेल निवासी मो सनोवर उम्र 20 वर्ष पिता मो माशूक की मौत बीते दिन हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक बरही बाईपास में किसी दुकान में टायर मिस्त्री के रूप में कार्य कर रहा था। दस दिन पहले दुकान से छुट्टी लेकर किसी अपने रिश्तेदार के शादी में गड़लाही गया हुआ था। वहां से लौटने के बाद युवक ने विषपान कर लिया जिससे उसका स्थिति बिगड़ने लगा, स्थिति बिगड़ते देख आस पास के लोगो ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गइ



APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## ठगी के शिकार हुआ गावां के युवक, उड़ा ले गए पचीस हजार

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**




गावां, गिरिडीह : बैंक में पैसा जमा करने गये एक युवक से 25000 रूपये की ठगी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद युवक के द्वारा गावां थाना में शिकायत दर्ज करवाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गावां नीचे टोला निवासी अजय राम पिता स्व. काशी राम ने गावां स्थित बैंक ऑफ ईंडिया के शाखा में 25000 रूपये जमा करने गया। इस दौरान एक अनजान युवक उसके पास आया और उसने कहा कि मुझे भी 15000 जमा करना है। उसके बाद अजय ने उस अजनबी युवक से ही जमा फार्म भरने का आग्रह किया। तभी एक दूसरा युवक भी वहां आया और बोला कि मेरे पास डेढ़ लाख रूपये है जो चोरी का है।बैंक में मेरा खाता नहीं हैं इसलिए आप लोग अपने खाते में इस रूपये को जमा कर दें और बदले में मुझे कुछ पैसे दे दें। अजय दोनों के झांसे में आकर बैंक से नीचे आया। पहले आया युवक ने उसे 15000 दे दिया और अजय से भी 25000 देने को कहा। जब अजय ने पैसा दे दिया तो पहले युवक ने अजय से कहा कि आप यहां इंतजार कीजिये मैं इसे गाड़ी के पास छोड़कर आता हूं। उसके बाद अजय काफी देर तक उनलोगों का इंतजार करता रहा लेकिन उक्त दोनों युवक रूपये लेकर गायब हो गये। उसके बाद भुक्तभोगी अजय ने गावां थाना में इसकी शिकायत की। एएसआई दीपक कुजूर ने कहा कि बैंक में लगे सीसीटीवी से फुटेज निक. ाला जा रहा है, जांचोपरांत कार्रवाई की जायेगी।

## झारखंड आंदोलनकारी शहीद रामधनी मंडल के शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि

### सामंतवादी ताकतों के खिलाफ टेकलाल महतो के साथ थे सहभागी

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


विष्णुगढ़ के बंदखारो में शहीद रामधनी मंडल को श्रद्धांजलि देते कार्यकर्ता

झारखंड आंदोलनकारी रहे शहीद रामधनी मंडल, साधु, सैनाथ व शनिचर महतो का 40वां शहादत दिवस शुक्रवार को मनाया गया। शहीद के पैतृक गांव बंदखारो में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर झामुमो नेता गौरव पटेल समेत झामुमो कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया। इसके उपरांत शहीदों के आश्रितों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि गौरव पटेल ने कहा कि झारखंड अलग राज्य निर्माण में शहीद रामधनी मंडल, सैनाथ महतो, साधु महतो व शनिचर महतो पूर्व विधायक स्व. टेकलाल महतो के कंधा से कंधा मिलाकर साथ दिए। वे झारखंड आंदोलन के सच्चे सिपाही थे। सामंतवादियों द्वारा किए जा रहे जुल्म व शोषण के खिलाफ उनके आंदोलन आज भी लोगों के जेहन में हैं। प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने कहा कि गरीब, किसान व मजदूरों के हित के लिए उनके प्रयासों से समाज को बल मिलता है। पार्टी उनकी पहचान को हमेशा अक्षुण्ण बनाए रखने को तत्पर है। सचिव संजय प्रजापति ने कहा कि झारखंड आंदोलन के दौरान शहीद हुए लोगों के लिए सरकार भी सम्मान देने का काम की है। हम सभी को उनके बताए हुए मार्ग का अनुसरण करने की आवश्यकता है। मौके पर पूरन महतो, देवीराम हेम्ब्रम, कुसुम्भा मुखिया दुलारचंद पटेल, बनासो मुखिया चंद्रशेखर पटेल, गंगाधर महतो, सुनील अकेला, राणा इकबाल खान, अनुराग बर्मन, नागी पंसस छोटेलाल बेसरा, संजय पटेल, संतोष पटेल, छोटू हांसदा, विष्णु गुप्ता, जितेंद्र यादव, निजाम सिद्दीकी, विकाश सोनी, शेख वसीम, रवि यादव, मनोज मरांडी, प्रसादी यादव, सिकेंद्र महतो, महेंद्र महतो, सुरेंद्र मंडल, कारू महतो, खेमलाल साव, चेतलाल महतो, कपिलदेव कुमार, शिबू सोरेन, पिंटू महतो, बासुदेव साव, अरुण कुमार, मुन्ना, अजय मंडल, परमेश्वर महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

## भाकपा माले की बैठक में जन समस्याओं पर चर्चा, अधिकारों के लिए भाकपा माले से जुड़कर संघर्ष करने की अपील

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह भाकपा माले की अगुवाई में आज दनुवाडीह (बेंगाबाद) में एक बैठक का आयोजन कर स्थानीय जन सवालों पर चर्चा करते हुए एक कमेटी का गठन किया गया। इसकी अगुवाई पंचायत प्रभारी मुस्लिम अंसारी सहित कमरुद्दीन अंसारी, सलामत अंसारी, शंकर मोदी आदि ने करते हुए कहा कि, इस गांव सहित आसपास के इलाके में जनता की बहुत सारी समस्याएं हैं जिसके लिए संगठन निर्माण कर संघर्ष की शुरुआत की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य राजेश यादव ने कहा कि, पंचायत के सभी गांव/टोला में ग्रामसभा गठित कर जन सवालों पर संघर्ष शुरू करने का अभियान चलाया जा रहा है। कहा कि, झारखंड बने हुए 22 साल हो को हैं, लेकिन असल झारखंड वासियों को उनका वाजिब हक नहीं मिल पाया है। गरीबों के राशन की चोरी हो रही है। पंचायत चुनाव की व्यस्तता के बीच गरीबों के 1 माह का राशन गोल कर दिए जाने की खबर है। भूमिहीनों को जीने-खाने लायक जमीन सरकार उपलब्ध नहीं करा रही है, उल्टे कई जगह गरीबों की जमीन हड़पने की कोशिशें होती हैं। वन या सरकारी भूमि पर बसे गरीबों को भी उजाड़ने की कोशिशें जारी हैं। उन्होंने कहा कि, केंद्र की मोदी सरकार ने जनता के ऊपर कमरतोड़ महंगाई और अभूतपूर्व बेरोजगारी थोप दी है। आम जनता को रोजी-रोटी के अलावे शिक्षा, स्वास्थ्य की बुनियादी सुविधाओं की जरूरत है, लेकिन गरीबों का वोट लेने वाली सरकार खुद ही सरकारी उपक्रमों, रेलवे, स्कूलों, अस्पतालों आदि तक को खत्म करने की दिशा में धकेल रही है। यह सब नहीं चलेगा। आम लोगों को इसके खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। ऊन्होंने लोगों से अखिल भारतीय किसान महासभा, झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा आदि संगठनों के साथ जुड़कर भाकपा माले के नेतृत्व में बदलाव की लड़ाई तेज करने का आह्वान भी किया। मौके पर कई लोगों ने भाकपा माले की सदस्यता का फ०र्म भरकर शपथ ग्रहण किया। वहां एक ग्राम कमिटी (पार्टी ब्रांच) का गठन कर सर्वसम्मति से सलामत अंसारी को सचिव चुना गया मौके पर मुस्लिम अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, सफिक अंसारी, अनवर अंसारी, सुलेमान, कयूम अंसारी, इम्तियाज़ अंसारी, रिजवान अंसारी, चिंतामन सिंह, मो. हम्मद जलील, बसीर अंसारी, शाहिद अंसारी, शंकर मोदी, महादेव महतो, जुम्मन मियां, चुरामन सिंह, अनीस अंसारी, सीताराम चौधरी समेत अन्य मौजूद थे।

## आर्यकर्ण ने सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण एवं एंबुलेंस का उद्घाटन किया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव में संचालित आर्यकर्ण फौंडेशन के द्वारा बड़कागांव प्रखंड लोगों को सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र के अलावा एंबुलेंस सौगात दिया गया । सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात मुख्य अतिथि आर्य कर्ण निधि लिमिटेड के सीएमडी रंजीत कुमार मेहता के पिता लक्ष्मण महतो के हाथों फीता काटकर किया गया ।वही एंबुलेंस का उद्घाटन आर के इन्फोटेक के प्रोपराइटर रूपा कुमारी के कर कमलो फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया गया। आर्य कर्ण लिमिटेड के सीएमडी रंजीत कुमार मेहता ने बताया कि प्रखंड के लोगों की सेवा के लिए 24 घंटा एंबुलेंस उपलब्ध रहेगा। एंबुलेंस ले जाने वाले को सिर्फ ईंधन का खर्च उठाना होगा। जिसे लेकर कर लोगों की सुविधा के लिए मोबाइल नंबर 7033326544 ,9341173680 जारी किया गया इसके अलावा एंबुलेंस से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां के लिए वेबसाइट भी शुरू किया गया। इसके पूर्व आर्यकर्ण फाउंडेशन के द्वारा करोना काल में प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में 10, हजार लोगों के बीच च्यवनप्राश ,श्री तुलसी, साबुन, सैनिटाइजर, मास्क एवं बुजुर्ग महिला पुरुष के लिए ट०निक का वितरण भी किया जा चुका है। इसके अलावा ठंड से बचाव के लिए लगभग 8000 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण भी किया है। उद्घाटन कार्यक्रम में आर्य कर्ण निधि के सीएमडी रंजीत कुमार मेहता ,एमडी देवदीप महतो, आरके इन्फोटेक के प्रोपराइटर रूपा कुमारी, आर्यकर्ण फौंडेशन के अध्यक्ष सरोज सोनी, सचिव विनोद सिन्हा, ऋण पदा. धिकारी पवन कुमार , बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार पंसस उर्मिला कुमारी चेपा कला पंसस कृष्णा राम,चिंतामणि साव, चोहन साव, विकास कुमार रवि, सिकंदर कुमार, संजय साव, अशोक महतो, राजेंद्र महतो, किरण कुमार, भुनेश्वर प्रजापति, सुनील गंजू, अनिल कुमार, विनय कुमार ,भागीरथ गंजू, सुनीता कुमारी, यमुना देवी , धर्म नाथ महतो, कविता कुमारी, बाल कृष्ण कुमार, सोनी कुमारी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## गिरीडीह सदर प्रखंड के बन्दरकुप्पी में वज्रपात से मवेशी की मौत





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरीडीह सदर प्रखंड के बन्दरकुप्पी में दोपहर 3 बजे जोरदार आंधी आई के साथ मेघ गर्जन के साथ जोर वर्षा हुई जिससे दर्जनों पेड़ गिर गए। मोहन्दर मैदान में एक विशाल महुआ का पेड़ आंधी से गिर गया जिससे 11 हजार की तार भी लपेट में आया गया लेकिन मौके पर विजली नही होने के कारण कोई नुकसान नही हुआ।ग्रामीनो के सहयोग से पेड़ को साफ करके हटाया गया। वही दूसरी तरफ बन्दरकुप्पी के जंगल के वज्रपात होने से दिनेश यादव पिता डेग लाल गोप का मवेशी पेड़ के नीचे घास चर रही थी लेकिन जोर से आंधी आने से वज्र की चपेट में मवेशी आ गई जिससे वज्र इतनी तेजी से गिरी की उनकी गाय की मौके पर मौत हो गई।दिनेश यादव कहना गाय रोजना 2 लीटर दूध देती थी,उनके मौत से घर मे बहुत नुकशान हुआ।. उनकी कीमत लगभग 30 हजार बताई जा रही है।हम गरीब है अब गाय ख़रीदना उसके बस की बात नही है। प्रसासन से मांग है कि कुछ मुवाज़े की प्रावधान हो तो मदद करे।।मौके पर पप्पू यादव,रंजीत यादव,संजीत साव,उमेश सिंह,मदन हजाम, शंकर सिंह आदि उपस्तित थे।

## पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम को लोगों ने सम्मानित किया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : उत्क्रमित उच्च विद्यालय जुगरा में चेपाकला पंचायत के नव निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य कृ ष्ण राम को विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत कर सम्मानित किया गया प्रभारी प्रधानाध्यपक अरविंद कुमार के कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय का विकाश तेजी से होगा । पसस कृष्ण राम ने कहा कि मैं हमेशा शिक्षा से जुड़ा हुआ हूं और गुणवाता शिक्षा में सुधार और विकास होगा । मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार विनोद कुमार दास त्रिलोकी कुमार, सुजीत कुमार दांगी, संजय कुमार पंडित, अनीता तिर्की ,सीमा कुमारी, रूबी कुमारी, विद्यालय अध्यक्ष प्रदीप राम, बृजेश अन्य उपस्थित थे ।

APEM LIVE

दिनांक: 10-06-2022

पेज सं0: 03

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूज़पेपर

## झारखंड के पुलिस कर्मियों एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को मिली बड़ी सौगात

### विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा में उठाया था आवाज

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : झारखंड विधानसभा में बड़कागांव के विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा राज्य के पुलिस कर्मियों को बिहार की तर्ज पर सुविधाएं देने की मांग विधानसभा में उठाई थी।उन्होंने सरकार से मांग किया था कि सभी पुलिसकर्मियों को क्षतिपूर्ति अवकाश समेत अन्य सुविधाएं राज्य सरकार को देना चाहिए।विधानसभा में मामला उठाए जाने के बाद राज्य सरकार हरकत में आई और पुलिस विभाग ने विधायक अंबा प्रसाद के मांगों को पूरा करते हुए झारखंड पुलिस में पुलिस निरीक्षक से लेकर चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के लिए प्रत्येक वर्ष 20 दिनों के क्षतिपूर्ति अवकाश की सुविधा को बहाल करने के लिए मंत्रिमंडल में प्रस्ताव भेजने की स्वीकृति प्रदान की है। गौरतलब है कि राज्य सरकार के द्वारा पुलिस कर्मियों को 13 माह का वेतन देने के एवज में क्षतिपूर्ति अवकाश को बंद कर दिया गया था। विधायक अंबा प्रसाद ने सदन के माध्यम से राज्य की सरकार से मांग की थी की पुनः क्षतिपूर्ति अवकाश बहाल किया जाए। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा एक विधायक होने के नाते मैने खुद जाना है कि कैसे पुलिसकर्मी त्यौहार में भी परिवार से दूर रहकर अपना काम करते हैं और दिन में उन्हें कई बार आकस्मिक रूप से अधिक ड्यूटी करनी पड़ती है इसलिए उन्हें एक माह का अतिरिक्त वेतन और अन्य सुविधाएं मिलनी चाहिए, इसलिए मैंने विधान सभा में ये बात रखी थी। उन्होंने कहा हमारी सरकार संवे. दनशील है, उन्होंने इसका तत्काल संज्ञान लेते हुए बहुत सराहनीय कदम उठाया है।इससे झारखंड के सभी पुलिसकर्मी काफी उत. साहित हैं एवं विधायक अंबा प्रसाद के प्रति आभार भी जताया है।

## बिजली समस्या को लेकर पूनम साहू ने आवेदन सौंपा

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


बिजली विभाग को आवेदन सौंपते पूनम साहू

भारतीय जनता पार्टी के युवा नेत्री पूनम साव (सांसद प्रतिनिधि महिला एवं बाल विकास हजारीबाग ) ने बिजली समस्या को लेकर बिजली विभाग के एसडीओ के नाम आवेदन सौंप बड़कागांव में बिजली समस्या को दूर करने की मांग की है।पूनम साहू ने कहा कि अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो 72 घंटे के बाद हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उग्र आंदोलन करेंगे और मैं खुद आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे । आवेदन देने के मौके पर में मुख्य रूप से सांसद प्रति. निधि पूनम साहू, मनीष पंडित , युवा मोर्चा से शिव शंकर ऊर्फ शिबू मेहता, उदय मेहता, नंदकिशोर मेहता, दुर्गेश कुमार कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उड़ान कैम्पेन के तहत बाल विवाह रोकथाम का दिया संदेश

### कम उम्र में विवाह से शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


उड़ान कार्यक्रम में शामिल किशोरी एवं कार्यकर्ता

बाल विवाह रोकथाम तथा बालिकाओं में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को उड़ान कैम्पेन का आयोजन किया गया। जीएफएफ के तत्वाधान में समाधान संस्था द्वारा प्रखंड के बेड़ा हरियारा तथा विष्णुगढ़ पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किशोरियों के बीच विविध नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जागरूकता का संदेश प्रसारित किया गया। बाल विवाह तथा शिक्षा के अभाव से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। कहा गया कि कम उम्र से शादी होने से शारीरिक के साथ मानसिक विकास भी प्रभावित होता है। शिक्षा पूर्ण नहीं होने पर संविधान द्वारा प्रदत हक और अधिकारों की जानकारी नहीं मिल पाती। कार्यक्रम के उपरांत संस्था कार्यालय से सातमील मोड़ तक पदयात्रा भी निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में किशोरी अपने हाथों में तख्ती लिए लोगों के बीच बाल विवाह तथा शिक्षा के अभाव में होने वाले दुष्परिणामों का संदेश प्रसारित किया। मौके पर रश्मिलता, जगदीश शर्मा, रीता देवी, नीतू कुमारी, प्रभा कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## एनटीपीसी आईटीआई से उत्तीर्ण एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 30 विद्यार्थियों का कराया गया कैम्पस प्लेसमेंट







**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : एनटीपीसी आईटीआई में रोजगार मेला का आयोजन किया गया जिसमें मारुति सुजुकी तथा एमआरएफ़ टायर्स कंपनी के द्वारा इंटरव्यू लेकर विद्यार्थियों का का चयन किया गया। कैंपस प्लेसमेंट में कुल 40 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें से 30 विद्यार्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में साक्षात्कार देने आए युवाओं में कुछ ऐसे भी युवा देखने को मिले जिन्होंने दोनों कंपनियों में साक्षात्कार दिया एवं उनका चयन भी हो गया। हालांकि युवाओं ने कहा कि जिस कंपनी में उन्हें बेहतर भविष्य मिलेगा वह उसी कंपनी में जॉइ. निंग लेंगे। इंटरव्यू में चयन के उपरांत कंपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा छात्र छात्राओं को ऑफर लेटर दिया गया। कंपनी के तरफ से मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों ने छात्रों की स्किल की तारीफ की। प्लेसमेंट में भाग लेने वाले सभी विध्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा का संबंध विकास से होना चाहिए एवं इस संस्थान में विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की ट्रेनिंग की आवश्यकता पड़े तो एनटीपीसी हमेशा मदद करने के लिए तैयार है। बता दें की एनटीपीसी आ. ईटीआई क०लेज की फीस मात्र 100 रुप्य प्रति महीने है । क०लेज के प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय कहा की की गरीब लोगों के लिए काफी कुछ करना चाहता हूँ ताकि होनहार बच्चों को पढ़ाई के लिए संघर्ष न करना पड़े तथा हमारे देश और गाँव का नाम और ऊँचा हो।वहीं विध्यार्थियों के माँ–बाप का कहना है की हम सभी एनटीपीसी के शुक्रगुजार हैं की हमारे बच्चों को इस छोटे से गाँव में पढ़ा–लिखा कर काबिल बना रही है। हमारे लिए ये बहुत खुशी की बात है की हमारे बच्चें बड़ी कम्पनियों में अच्छे पदों पर अब नौकरी करेंगे. ।इस अवसर पर परियोजना के आरएनआर विभाग के महाप्रबंधक मो. हम्मद फैज तैयब, वरिष्ठ प्रबंधक देवराज आनंद, आईटीआई कॉलेज प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय, अनुदेशक मो0 इरफान, प्रदीप कुमार एवं सभी शिक्षक गण उपस्थित रहें।

## भाकपा माले ने आवेदन देकर परिवहन विभाग को परिवन विभाग सरकारी गाड़ियों को भी जाँच करें



**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह ट्रैफिक पुलिस वाली जिप्सी का नंबर परिवहन विभाग के एप्प में रिकॉर्ड नॉट फाउंड बता रहा है।माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा परिवहन विभाग में लिखित आवेदन दिया है,उन्होंने कहा आम लोगो का बाईक और चार चक्का जाँच जरूरी है,दुर्घटना बहुत बढ़ गई है,गाँव के या शहर के जो भी गाड़ी चालक हो वह हेलमेट जरूर पहने,सुरक्षा आपकी ही होगी,पुलिस बल चौक चौराहे पर गाड़ी चेक करती है कि आपके कागज़ सही है कि नहीं। वहीं दूसरी ओर श्री सिन्हा ने कहा कि सरकारी कार्यलयो में भी हजारो दो पहिया और चार चक्के है उससे भी दुर्घटना हो सकती है,वह भी चोरी हो सकती है,उस गाड़ी के लिए भी सरकारी नियम है,सरकार को फंड सभी विभाग से आ सकता है,आम लोगो के साथ,परिवहन विभाग के गाड़ियों के साथ सभी थाना के गाड़ियों की भी जाँच हो ऐसा करने से समानता रहेगी।सभी नियम आम लोगो के ही लिए क्यों जानना पड़ेगा।

माले की एक्सपर्ट टीम सभी सरकारी विभाग की गाड़ियों को परिवहन विभाग की दो चक्के और चार चक्के का डिटेल्स परिवहन विभाग एप्प से जांच कर रहे है,इस टीम की अगुवाई माले के 'निशान्त भाष्कर, मनोज यादव अगुवाई कर रहे है,इस काम को लगभग 12 सदस्यीय टीम बनाई गई है,इस टीम का काम होगा कि सिर्फ सरकारी विभाग की गाड़ियों की गाड़ियों का डिटेल्स तैयार कर फिर परिवहन विभाग को देना ट्रैफिक पुलिस को देना ताकि को सभी विभाग के कर्मी भी सुरक्षित रहे।श्री सिन्हा ने कहा कि एक सप्ताह तक पहल नहीं कि गई तो माले की पूरी टीम सब विभाग की गाड़ियों का पोलपोल करेगा।

## दिव्यांगों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : एनटीपीसी , साइटसेवर्स, जेएसएलपीस, एनएलआर दिव्यांग संगठन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में एनटीपीसी आईटीआई क०लेज भवन बड़कागांव मे दिव्यांगों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। सभा का संचालन लोकनाथ राणा के द्वारा किया गया। दिव्यांग जनों का अधिकार , दिव्यांगजनों का आजी. विका हेतु प्रशिक्षण ,सरकारी एवम गैर सरकारी योजनाओं , नौकरियों शिक्षण संस्थानों तथा रा. जगार में दिव्यांग जनों को पांच परसेंट आरक्षण हेतु मुद्दों पर विस्तार रूप से चर्चा किया गाय, साइटसेवर से आए राज्य दिव्यांग सलाहकार आसीत कुमार बेहरा ने दिव्यांगजनो को उनके आजीविका एवम सामाजिक सुरक्षा संबंधित बातों को विस्तार पूर्वक चर्चा किए साथ ही साथ जेएसएलपीएस के बीपीएम द्वार समूह चलने के गुर बताया गया सामाजिक सुरक्षा सुविधाकर्ता दीपक शर्मा ने जिले में चल रहे दिव्यांगजनों के योजनाओं के बारे में जानकारी दिए इसके आलावा कौशल विकास केंद्र एवम साइ. टसेवर्स से प्रवीण भास्कर तिर्की ने जिले में चल रही आजीविका को बढ़ावा देने संबंधित प्रक्षिण के बारे में जानकारी दी,एनटीपीसी से डिप्टी जेनरल मैनेजर अजीत कुमार ने दिव्यांग. जनो का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे हर संभव दिव्यांगो को आगे बढ़ने में मदद करेंगे, सभा में सभी ने दिव्यांगजन के लिए चलाई जा रही स्वयं सहायता समूह के बारे में आए परेशानियों को हर संभव दूर कर दिव्यांग जनों को रोजगार से जोड़ना हेतु मुद्दों पर चर्चा किया गया। तथा अंत में दिव्यांग संगठन ट्रस्ट के संयोजक रामेश्वर महतो के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर चल रहे दो दिवसीय ट्रेनिंग का समापन किया गया इस कार्यकर्म को सफल बनाने में एनटीपीसी के पदाधिक. ारियों सहित, एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के राज्य समन्वयक काशीनाथ चक्रवर्ती जेएसएलपीएस बीपीएम राम प्रकाश कुमार, राष्ट्रीय विकलांग पार्टी जिला अध्यक्ष सचिन कुमार सोनी दिव्यांग संगठन ट्रस्ट प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ राणा संयोजक रामेश्वर महतो सचिव प्रभावती देवी, मुकेश कुमार विमला देवी गणेश महतो सनी कुमार मोहम्मद साजिद मोहम्मद हसीब जानकी सा बालेश्वर प्रजापति कंचन कुमारी , होरिल कुमार,महनाज गुड्डी के अलावा कई उपस्थित थे उपस्थित हुए।

APEM LIVE